पाठ 19. तीन बुद्धिमान

पाठ का उद्देश्य

इस एकांकी का उद्देश्य बच्चों को बुद्धि का महत्व समझाना है। इसका अभिनय करने से उनमें संवाद-कला का विकास होगा। नाटक के पात्रों के माध्यम से बच्चों में तर्क-शक्ति का भी विकास होगा। जब वे इस नाटक के संवादों से परिचित होंगे तो उन्हें संवाद-लेखन की कला का पता चलेगा। इस प्रकार उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।

अध्यापक बच्चों को इस एकांकी को नाटक के रूप में प्रस्तुत करने को कहें।

- बच्चों के समूह बना दिए जाएँ।
- बच्चे एक साथ मिलकर काम करें।
- वे सभी एक-दूसरे को मार्गदर्शन देकर नाटक को प्रभावी बनाएँ।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी तथा तर्क-वितर्क संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। आपस में मिल-जुलकर काम करने तथा विचारों का आदान-प्रदान करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।